भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2269
15 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए नियत

पिछड़े क्षेत्रों में भारी उद्योगों की स्थापना

2269. श्री कौशलेन्द्र कुमार:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार बिहार सहित देश के विभिन्न पिछड़े क्षेत्रों में भारी उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या देश में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने और एक स्थान से दूसरे स्थान पर उनके प्रवास को रोकने की दृष्टि से अधिक से अधिक भारी उद्योग स्थापित करने के लिए कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) से (घ): उद्योग राज्य का विषय है। अतः, भारी उद्योग मंत्रालय के पास बिहार सहित देश के विभिन्न पिछड़े क्षेत्रों में भारी उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करने की कोई स्कीम नहीं है। तथापि, मंत्रालय नवोन्मेषी स्कीमों के माध्यम से उद्योग में प्रौद्योगिकी विकास के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियां उपलब्ध कराना चाहता है। कई राज्यों ने भारी उद्योगों सहित विभिन्न उद्योगों के विकास और संवर्धन के लिए प्रोत्साहन और स्कीमें शुरु की हैं। केंद्र सरकार देश भर में उद्योगों के विकास के लिए वित्त मंत्रालय के माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर-संरचना में प्रोत्साहन भी प्रदान करती है।

***